देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 22.02.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :—

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में विकास योजनाओं के लिए 257 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी; हरिद्वार में कुंभ मेले की तैयारियों के तहत 234 करोड़ 55 लाख रुपये की लागत से 34 अवस्थापना कार्यों का किया शिलान्यास।
- राज्य के एक हजार तीन सौ सतहत्तर संदिग्ध पेंशन मामलों में अपात्र लाभार्थियों की पेंशन निरस्त करने और विस्तृत जांच के निर्देश।
- प्रदेश में आपदा प्रबंधन तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए आधुनिक स्वचलित मौसम स्टेशन और डॉप्लर रडार स्थापित किए जाएंगे; प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली और संचार तंत्र को किया जाएगा मजबूत।
- और, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सवेरे 11 बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।

<u>वित्तीय स्वीकृति</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में विभिन्न विकास योजनाओं के लिए कुल 257 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इस राशि से राज्य के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में सड़क सुधारीकरण और निर्माण कार्य, स्थानीय निकायों के विकास कार्य तथा जल उपचार संयंत्रों की स्थापना जैसे कार्य किए जाएंगे। साथ ही शहरी स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों को सुदृढ़ करने, देवभूमि रजत जयंती पार्कों के निर्माण और ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक निर्माण जैसी परियोजनाएं भी संचालित की जाएंगी।

इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री ने कुम्भ मेला 2027 की अवस्थापना सुविधाओं के विकास, मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के संचालन और दिव्यांग छात्रों को सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क ऑनलाइन कोचिंग की व्यवस्था के लिए भी धनराशि स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से प्रदेश में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने और जनसुविधाओं का विस्तार सुनिश्चित किया जा रहा है।

<u>शिलान्यास</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्ष 2027 में आयोजित होने वाले कुंभ मेला हरिद्वार की तैयारियों के तहत 234 करोड़ 55 लाख रुपये की लागत से 34 महत्वपूर्ण अवस्थापना कार्यों का शिलान्यास किया। कुंभ मेला नियंत्रण भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि इन कार्यों से कुंभ मेले के सफल, सुरक्षित और सुव्यवस्थित आयोजन के साथ ही हरिद्वार शहर के दीर्घकालीन विकास को भी मजबूती मिलेगी। इन कार्यों के तहत घाटों का निर्माण और पुनर्विकास, पुलों का निर्माण, सड़कों का चौड़ीकरण और सुदृ ढ़ीकरण, पेयजल आपूर्ति से जुड़ी योजनाओं का विकास तथा श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न सुविधाओं का

विस्तार किया जाएगा। साथ ही मेला क्षेत्र में प्रशासनिक और सहायक अवसंरचना को भी मजबूत किया जाएगा, जिससे कुंभ मेले के दौरान बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सकें।

संदिग्ध पेंशनर्स

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में सरकारी पेंशन प्राप्त कर रहे वृद्धावस्था और विधवा पेंशन के संदिग्ध एक हजार 377 पेंशनर्स का सत्यापन कराने के बाद अपात्र पाए गए लाभार्थियों की पेंशन बंद करने और उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई करने का अनुमोदन दिया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने इस प्रकरण की जांच कर प्रत्येक स्तर पर जिम्मेदारी तय करने के निर्देश भी दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ केवल पात्र व्यक्तियों तक ही पहुंचे, इसके लिए सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी पेंशन प्राप्त करने वाले व्यक्तियों द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत वृद्धावस्था या विधवा पेंशन का लाभ लेना नियमों के विरुद्ध है। ऐसे मामलों की जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को भविष्य में इस प्रकार के मामलों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सतर्कता के साथ कार्य करने के निर्देश भी दिए हैं।

आधारभूत संरचना सुदृढीकरण

देहरादून शहर में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के लिए मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरण–एमडीडीए की विभिन्न परियोजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आवास सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने एमडीडीए की इंदिरा मार्केट पुनर्विकास परियोजना, आढ़त बाजार परियोजना और मल्टी लेवल कार पार्किंग परियोजना का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

इंदिरा मार्केट पुनर्विकास परियोजना के तहत प्रभावित दुकानदारों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त नए मार्केट में स्थानांतरित किया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत बेसमेंट निर्माण का कार्य पूरा किया जा चुका है और अन्य निर्माण कार्य प्रगति पर है। परियोजना पूर्ण होने के बाद दुकानदारों को व्यवस्थित रूप से दुकानें उपलब्ध कराई जाएंगी।

आढ़त बाजार परियोजना के तहत हरिद्वार बाइपास क्षेत्र में नए बाजार का निर्माण किया जा रहा है, जिससे शहर के मुख्य मार्गों पर यातायात का दबाव कम होगा और व्यापारिक गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित हो सकेंगी। इसके साथ ही पार्किंग, वेयरहाउस और अन्य आवश्यक सुविधाएं भी विकसित की जा रही हैं।

पलटन बाजार और तहसील चौक क्षेत्र में पार्किंग समस्या के समाधान के लिए तहसील परिसर में मल्टी लेवल कार पार्किंग और आधुनिक तहसील कार्यालय के निर्माण की योजना पर भी कार्य किया जा रहा है। आवास सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परियोजनाएं गुणवत्ता मानकों के अनुरूप और निर्धारित समयसीमा में पूर्ण की जाएं, ताकि शहर की यातायात व्यवस्था और आमजन की सुविधाओं में सुधार हो सके।

आपदा प्रबंधन

राज्य में आपदा से निपटने के लिए प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली को और मजबूत किया जा रहा है। इसके तहत राज्य के विभिन्न ज़िलों में आधुनिक तकनीक आधारित स्वचलित मौसम स्टेशन और डॉप्लर रडार स्थापित किए जाएंगे, जिससे मौसम और संभावित आपदाओं की सटीक जानकारी पहले से मिल सकेगी और जनहानि व नुकसान को कम किया जा सकेगा।

सचिव, आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने बताया कि ऑटोमेटेड वेदर स्टेशन के माध्यम से मौसम से जुड़ी त्वरित जानकारी प्राप्त होगी, जिससे समय रहते चेतावनी जारी की जा सकेगी। इसके साथ ही डॉप्लर रडार के जरिए वर्षा और मौसम की गतिविधियों पर निगरानी रखी जाएगी, जिससे आपदा प्रबंधन व्यवस्था और सशक्त होगी।

राज्य में आपदा प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिए सभी उपकरणों की जीआईएस मैपिंग की जाएगी, ताकि आपदा के समय संसाधनों की सही जानकारी तुरंत मिल सके और राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाई जा सके। इसके अलावा संचार व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सभी ज़िलों में आपदा समर्पित रेडियो नेटवर्क स्थापित किया जाएगा, जिससे आपदा के समय प्रशासन और राहत एजेंसियों के बीच निर्बाध संपर्क बना रहेगा।

साथ ही आपदा प्रबंधन व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए तहसील स्तर पर भी आपातकालीन परिचालन केंद्र स्थापित किए जाएंगे, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में स्थानीय स्तर पर त्वरित प्रतिक्रिया और बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया जा सके।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सवेरे 11 बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 131वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा।

स्वास्थ्य व्यवस्था निरीक्षण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली ज़िले के पीपलकोटी स्थित स्वामी विवेकानंद धर्मार्थ चिकित्सालय का निरीक्षण कर वहां की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल प्रबंधन, चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों से बातचीत कर अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, आधुनिक उपकरणों और मरीजों को दी जा रही उपचार सेवाओं की जानकारी प्राप्त की।

मुख्यमंत्री ने अस्पताल में आपातकालीन सेवाओं, जांच सुविधाओं और दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों से आने वाले मरीजों के उपचार की व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि सीमांत और दुर्गम क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को यहां गुणवत्तापूर्ण और समय पर उपचार मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों और स्टाफ द्वारा विपरीत भौगोलिक परिस्थितियों में भी समर्पण भाव से दी जा रही सेवाओं की सराहना की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य प्रदेश के अंतिम छोर तक रहने वाले नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है और इस दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता और आवश्यक संसाधनों को सुनिश्चित करने के लिए सरकार हर संभव सहयोग देगी।

समीक्षा

लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने प्रदेश की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए पैचवर्क कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए हैं, ताकि आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

हरिद्वार में लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग और प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत किए जा रहे सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी सड़क निर्माण कार्य समयबद्धता और गुणवत्ता के साथ नवीनतम तकनीक का उपयोग करते हुए तेजी से पूरे किए जाएं। सतपाल महाराज ने दुर्घटना संभावित स्थानों पर साइन बोर्ड लगाने और पूर्ण हो चुकी सड़कों पर वाहनों के संचालन के लिए आवश्यक स्वीकृति लेने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बताया कि कैंची धाम में जाम की समस्या के समाधान के लिए कैंची धाम बाईपास को स्वीकृति मिल गई है और वैकल्पिक व्यवस्था के लिए कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा सिंगटाली पुल निर्माण के लिए वन विभाग से अनुमति मिलने के बाद जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

लोक निर्माण मंत्री ने बताया कि प्रदेश में सड़कों के पैचवर्क से संबंधित अधिकांश शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 में होने वाले कुंभ मेले को ध्यान में रखते हुए सड़क और अन्य आधारभूत संरचना से जुड़े कार्यों को भी तेजी से पूरा किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।